प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 30.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- अवैध चाकू के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार थाना मझोलाः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी व अवैध शस्त्र धारको की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 29.12.2024 की रात्रि में थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्त राहुल पुत्र रवि नि0 प्रीतमनगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मझोला पर मु0अ0स0-1134/24 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्त आदिल पुत्र महफूज नि0 शैसपुर काठ रोड थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना मझोला पर मु0अ0स0-1135/2024 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है,अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध चरस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना कोतवालीः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तार हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30-12-2024 को म0उ0नि0 राजबेन्द्र कौर थाना कोतवाली द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त 1- नदीम पुत्र नईम निवासी असालतपुरा गली नं 1 बड़ी मस्जिद के पीछे थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद 2- समीर पुत्र शफीक निवासी असालतपुरा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को अवैध 1550 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 199/2024 धारा - 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 05 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 30.12.2024 को **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपी 1. कुलदीप कुमार पुत्र केशव सिंह निवासी ग्राम लालपुर गोसाई थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद तथा **थाना मैनाठेर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1. गुल्फसा पुत्री आसकार, 2. नुरफसा पुत्री आसकार 3. नन्हे पुत्र स्व0 हबीबुल्ला 4. रुखशाना उर्फ छोटी पुत्री नन्हें निवासी गण ग्राम अहलादपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।